भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
राज्य सभा
लिखित प्रश्न सं. 1108**#**
गुरूवार, 15 दिसम्बर**, 202**2/24 अग्रहायण**, 194**4 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

हिमाचल प्रदेश में पर्यटन

1108**#.** सुश्री इंदु बाला गोस्वामीः

क्या पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या हिमाचल प्रदेश में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए एशियाई डेवलपमेंट बैंक द्वारा दी गयी राशि से शहरों का सौन्दर्यीकरण करने और नए हेलीपोर्ट बनाने की योजना है; और

(ख) एशियाई डेवलपमेंट बैंक के उपरोक्त ऋण का कितना प्रतिशत केंद्र द्वारा और कितना प्रतिशत प्रदेश द्वारा वहन किया जायेगा**?**

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री जी. किशन रेड्डी)

(क): आर्थिक कार्य विभाग (डीईए), वित्त मंत्रालय ने 06 दिसम्बर, 2021 को हिमाचल राज्य में पर्यटन के लिए अवसंरचना विकास निवेश कार्यक्रम हेतु एशियाई विकास बैंक से 233 मिलियन डॉलर के वित्तपोषण की मांग संबंधी हिमाचल प्रदेश सरकार से प्राप्त परियोजना का प्रस्ताव प्रस्तुत किया है।

(ख): डीईए के दिनांक 14 सितम्बर, 2011 के पत्र के माध्यम से जारी दिशानिर्देशों के अनुसार बाहरी सहायता घटक 90**%** अनुदान और 10**%** ऋण के रूप में विशेष श्रेणी राज्यों को दिया जाना होता है, जबकि अन्य राज्यों के लिए यह ऋण बैक टू बैक आधार पर होगा।

*****